EMMANUEL SCHOOL

Assignment – 13
Class – III
Subject – हिन्दी व्याकरण

BY – Manjula Srivastava
Lesson – 7

## सर्वनाम

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए —

(क) सर्वनाम किसे कहते हैं ? उदाहरण भी दीजिए।

उत्तर :– वे शब्द जो किसी संज्ञा (नाम) के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, सर्वनाम कहलाते हैं।
जैसे :— वह, तुम, मैं और वे।

(ख) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ?

उत्तर :– सर्वनाम के छः प्रमुख भेद होते हैं :—
पुरुषवाचक
प्रश्नवाचक
निश्चयवाचक
अनिश्चयवाचक
निजवाचक
संबंधवाचक

(ग) अनिश्चयवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

उत्तर :– वे सर्वनाम शब्द जिनसे किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं होता है, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

(घ) प्रश्नवाचक सर्वनाम से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर :– वे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

Scanned with CamScanner

जैसे!— किसे, कौन, क्या, कहाँ आदि।

२. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) किसे, कौन, क्या आदि सर्वनाम हैं—
(i) संबंधवाचक ☐ (ii) निजवाचक ☐ (iii) प्रश्नवाचक ☑

(ख) स्वयं, अपने आप आदि सर्वनाम हैं—
(i) निजवाचक ☑ (ii) संबंधवाचक (iii) प्रश्नवाचक ☐

(ग) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द कहलाते हैं—
(i) कारक ☐ (ii) सर्वनाम ☑ (iii) लिंग ☐

३. कोष्ठक में दिए शब्दों में से सही सर्वनाम शब्द छाँटकर रिक्त स्थान भरिए—

(क) मैं उसका घर नहीं जानता। (तुम, वे, मैं)

(ख) क्या तुम मीना का घर जानते हो? (हम, तुम, मैं)

(ग) इस प्रश्न का उत्तर कोई नहीं दे सका। (तुम, हम, कोई)

(घ) मैं अपने घर जा रही हूँ। (वह, तुम, मैं)

(ङ) वे बाजार से सामान लाए हैं। (वे, तुम, मैं)

Assignment-14 EMMANUEL SCHOOL

class— III BY—Manjula Srivastava

subject— हिन्दी व्याकरण Lesson— 8

1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए —

(क) जिराफ जंतुओं में सबसे होता है —

(i) छोटा ☐ (ii) मोटा (iii) लंबा ☑

(ख) तीन, चार, एक दर्जन आदि विशेषण हैं —

(i) संख्यावाचक ☑ (ii) गुणवाचक ☐ (iii) परिमाणवाचक ☐

(ग) मोर पक्षियों में सबसे होता है —

(i) गंदा ☐ (ii) सुंदर (✓) (iii) बड़ा ☐

2. नीचे दिए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए—

उत्तर:— (बूढ़ा, ताजा, चार, ऊबड़ - खाबड़)

(क) दूध ताजा है।

(ख) यह रास्ता बहुत ऊबड़— खाबड़ है।

(ग) चार मीटर कपड़ा दो।

(घ) बूढ़ा आदमी लाठी लेकर चल रहा है।

3. प्रश्न निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

(क) विशेषण की परिभाषा लिखिए।

उत्तर:— जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

(ख) विशेष्य से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर:— विशेषण जिन शब्दों की विशेषता बतलाता है, उन्हें विशेष्य कहते हैं —

जैसे:— गर्म—चाय हरा— तोता

classmate
Date
Page

4. निम्नलिखित विशेषणों को विशेष्यों से मिलाकर लिखिए —

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | सफेद | (i) बंदर - | सफेद खरगोश । |
| (ख) | फटे | (ii) रोशनी | फटे कपड़े । |
| (ग) | ऊँचा | (iii) मकान | ऊँचा मकान । |
| (घ) | तेज | (iv) खरगोश | तेज रोशनी । |
| (ङ) | मोटा | (v) कपड़े | मोटा बंदर । |

5. प्रश्न: नीचे दिए वाक्यों से विशेषण छाँटकर लिखिए तथा उनके भेद भी बताइए —

| | वाक्य | विशेषण | भेद |
|---|---|---|---|
| (क) | वह अमित का घर है। | घर | परिमाणवाचक |
| (ख) | अंगूर खट्टे हैं। | खट्टे | गुणवाचक |
| (ग) | कोई आदमी आ रहा है। | कोई | संकेतवाचक |
| (घ) | मुझे तीन पेन चाहिए। | तीन | संख्यावाचक |

Scanned with CamScanner

Assignment — 15
EMMANUEL SCHOOL
Class — III
By- Manjula Srivastava
Subject- हिन्दी व्याकरण    Lesson — 10

classmate
Date ____
Page ____

## काल

काल का अर्थ होता है — समय ।
समय तीन तरह का हो सकता है —
(क) बीता हुआ समय ।
(ख) आज का समय ।
(ग) आने वाला समय ।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए —

प्रश्न— काल किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए ।
उत्तर:— क्रिया के जिस रूप से उसके काम करने का समय पता चले, उसे काल कहते हैं ।
जैसे— मैं पिछले साल आगरा गया था ।
मैं आज आगरा जा रहा हूँ ।
मैं भी अगले साल आगरा जाऊँगा ।

प्रश्न:— काल कितने प्रकार के होते हैं ? नाम लिखिए ।
उत्तर:— काल तीन प्रकार के होते हैं —
भूतकाल, वर्तमान काल, भविष्यत् काल ।

प्रश्न:— भूतकाल किसे कहते हैं ? एक उदाहरण दीजिए ।
उत्तर:— क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय में कार्य का होना प्रकट हो, उसे भूतकाल कहते हैं ।
जैसे— ज्योति कल विद्यालय गई थी ।

2. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए —
(क) काल के प्रकार होते हैं —
(i) दो ☐ (ii) चार ☐ (iii) तीन ☑

(ख) 'मैं कल दिल्ली गया' किस काल का वाक्य है?
(i) भूतकाल [✓] (ii) वर्तमानकाल [ ] (iii) भविष्यत्काल [ ]

(ग) क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का पता चले, कहलाता है —
(i) रूप [ ] (ii) काल [✓] (iii) लिंग [ ]

ङ. विभिन्न कालों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित रिक्त स्थान भरिए —
(जाएँगे, गया है, लिखा था, हुई थी, जाएगी)

(क) रेलगाड़ी ठीक समय पर पहुँच जाएगी।

(ख) कविता ने पत्र लिखा था।

(ग) आज रोहन विद्यालय गया है।

(घ) हम कल पिकनिक पर जाएँगे।

(ङ.) कल बहुत तेज वर्षा हुई थी।

Scanned with CamScanner

Assignment-10 EMMANUEL SCHOOL
Class-III BY-Manjula Srivastava
Subject-हिन्दी व्याकरण Lesson-16

## पत्र-लेखन

1. पिता के नाम पुत्र का पत्र

इम्मानुएल स्कूल लखनऊ
दिनांक - - - - -

पूज्य पिताजी,
सादर चरण-स्पर्श।
मेरी पढ़ाई ठीक प्रकार से चल रही है। यहाँ का मौसम बड़ा सुहाना है। पिछले हफ्ते ही हमारी कक्षा पिकनिक पर गई थी। वहाँ बहुत आनंद आया।
मेरी वार्षिक परीक्षाएँ दिनांक - - से प्रारंभ हो रही हैं। मैं उसी की तैयारी में लगा हुआ हूँ। परीक्षाओं के बाद कुछ दिनों की छुट्टी होगी। तब मेरा घर आने का कार्यक्रम है। आप मेरी चिंता न करें।
माता जी को चरण-स्पर्श तथा बहिन को बहुत सारा प्यार।
आपका बेटा
मदन कुमार

Scanned with CamScanner

2. मित्र को बहन के जन्मदिन का निमंत्रण पत्र

प्रिय मित्र प्रिंस,

सप्रेम नमस्कार ।

कल ही तुम्हारा पत्र मिला। यह जानकर बहुत खुशी हुई कि अगले माह की 25 तारीख को तुम्हारी बहन का जन्मदिन है। इस बार मैं पिताजी और माता जी को अवश्य लाऊँगा। मेरी ओर से बहन को जन्मदिन की बहुत-सी शुभकामनाएँ। अपने माता-पिता से मेरा प्रणाम कहना। छोटे भाई को बहुत-सारा प्यार।

आपका मित्र

रमण कुमार

# EMMANUEL SCHOOL

Assignment-11 BY-Manjula Srivastava

class-III

subject- हिन्दी व्याकरण

classmate

Date ______

Page ______

## प्रार्थना — पत्र

1. अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र

सेवा में

श्रीमान प्रधानाचार्यजी,

इम्मानुएल स्कूल बेलबनवा

मोतिहारी

महोदय,

सविनय निवेदन है कि कल रात से मैं बुखार से पीड़ित हूँ। डॉक्टर ने मुझे दो दिन आराम करने की सलाह दी है। इस कारण मैं स्कूल आने में असमर्थ हूँ।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप मुझे दिनांक —— से —— तक दो दिन का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद

दिनांक ——

आपका आज्ञाकारी शिष्य

राकेश कुमार

कक्षा तीन

रोल नं- 6

Scanned with CamScanner

2. आवश्यक कार्य हेतु अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र

सेवा में,

श्रीमान प्रधानाचार्यजी,

इम्मानुएल स्कूल बेलबनवा

मोतिहारी

महोदय,

निवेदन है कि घर पर पिताजी की अनुपस्थिति में कुछ मेहमान आ गए हैं। माताजी अकेली हैं।

अत: घरेलू कार्यों में उनका हाथ बँटाने हेतु मेरा घर पर रहना आवश्यक है। इसलिए आज दिनांक ——— का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें।

सधन्यवाद

आपकी आज्ञाकारी शिष्या

पलक कुमारी

कक्षा – तीन

रूम नं. 6

दिनांक - - - -

EMMANUEL SCHOOL

Assignment—12
class—III
subject-हिन्दी व्याकरण

BY-Manjula Srivastava
Lesson—17

classmate
Date
Page

## निबंध — लेखन

### गाय

1. गाय एक पालतू पशु है। इसकी दो आँखें, दो सींग, दो लम्बे कान तथा एक लम्बी पूँछ होती है। इसकी पूँछ बालों के गुच्छे वाली होती है। गाय के चार थन होते हैं। यह हरी घास और भूसा खाती है तथा मीठा दूध देती है। गाय के दूध से हम दही, पनीर और मिठाइयाँ बनाते हैं।

गाय उपयोगी एवं लाभदायक जंतु है। गाय गोबर देती है। गोबर से बने उपले जलाने के काम आते हैं। गाय के बछड़े बड़े होकर खेती के काम आते हैं। गाय को हम गौमाता कहते हैं। लोग गाय की पूजा करते हैं।

Scanned with CamScanner

2. मेरा विद्यालय

यह मेरा विद्यालय है। मेरे विद्यालय का नाम इम्मानुएल स्कूल है। मेरा विद्यालय शहर से बाहर स्थित है। मेरे विद्यालय में कमरे हवादार, स्वच्छ और बड़े - बड़े हैं। उन कमरों में सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। मेरे विद्यालय प्रांगण में एक सुंदर बगीचा और एक खेल का मैदान है।

मेरे विद्यालय के प्रधानाचार्य का नाम श्री श्रवण कुमार हैं। विद्यालय के सभी अध्यापक - अध्यापिकाएँ योग्य और सुशील हैं। हमारे प्रधानाचार्य बहुत कर्मठ पुरुष हैं। सभी विद्यार्थी अपनी वेशभूषा में ही विद्यालय आते हैं।

EMMANUEL SCHOOL

By- Manjula Srivastava

classmate
Date
Page

Assignment- 7
Class- III
Subject- हिन्दी व्याकरण Lesson- 11

अशुद्धियाँ

अशुद्धियाँ निम्नलिखित दो प्रकार की हो सकती हैं —

| वर्तनी संबंधी | वाक्य संबंधी |
|---|---|
| 1. जैसे — अशुद्ध | शुद्ध |
| स्मर्ण | स्मरण |
| बुद्धिवान | बुद्धिमान इत्यादि। |
| 2. अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
| तुम कल दिल्ली जा रहा है। | तुम कल दिल्ली जा रहे हो। |
| मोहन मुझे चार केले दिए हैं। | मोहन ने मुझे चार केले दिए हैं। इत्यादि |

प्रश्न 1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए —

(क) 'पुस्प' शब्द का शुद्ध रूप है —

(i) पुरप ☐ (ii) पुष्प ☑ (iii) पुश्रप ☐

(ख) (बुद्धिवान) शब्द का शुद्ध रूप है —

(i) बुद्धिमान ☑ (ii) बुद्धिमानी ☐ (iii) बुद्धिवानी ☐

2. इन शब्दों को शुद्ध करके लिखिए —

(क) अध्ययन अध्याय — (ख) म्रग मृग -
(ग) पिरथवी पृथ्वी — (घ) निरदय निर्दय -
(ङ) आस्चर्य आश्चर्य — (च) किरोध क्रोध -
(छ) सरीर शरीर — (ज) प्रमात्मा परमात्मा

Scanned with CamScanner

Assignment-8 EMMANUEL SCHOOL

classmate
Date
Page

Class – III
BY – Manjula Srivastava

Subject- हिन्दी व्याकरण

Lesson- 12

**पर्यायवाची शब्द** — समान अर्थ का बोध कराने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| जैसे- कपड़ा | वस्त्र, चीर, वसन। |
| दिन | दिवस, वासर, वार, दिवा। |

प्रश्न 1. सही शब्द पर (✓) का चिह्न लगाइए —

(क) इनमें 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है —
(i) पंकज ☐ (ii) वारिद ☑ (iii) जलज ☐

(ख) इनमें 'पक्षी' का पर्यायवाची है —
(i) गिरि ☐ (ii) वासर ☐ (iii) विहग ☑

(ग) नयन, लोचन, तथा चक्षु शब्द पर्यायवाची हैं —
(i) तालाब के ☐ (ii) नदी के ☐ (iii) आँख के ☑

2. परस्पर समानार्थी शब्दों को सुमेल कीजिए —

| | |
|---|---|
| (क) ईश्वर | (i) तटिनी |
| (ख) कपड़ा | (ii) अचल |
| (ग) नदी | (iii) परमात्मा |
| (घ) पक्षी | (iv) पीयूष |
| (ङ) पर्वत | (v) चीर |
| (च) अमृत | (vi) विहग |
| (छ) आकाश | (vii) सुरभि |
| (ज) पेड़ | (viii) सुरसरि |
| (झ) गाय | (ix) गगन |
| (ञ) रात | (x) अंबा |
| (ट) गंगा | (xi) रैन |
| (ठ) माता | (xii) द्रुम |

Scanned with CamScanner

J. पुष्प तथा पवन शब्दों के पर्यायवाची शब्द छाँटकर उनके सम्मुख लिखिए —

हवा, समीर, फूल, सुमन, वायु, कुसुम।

(क) पुष्प — फूल सुमन कुसुम

(ख) पवन — वायु हवा समीर

Scanned with CamScanner

# EMMANUEL SCHOOL

classmate
Date ______
Page ______

BY— Manjula Srivastava

Assignment — 9
class — III
Lesson - 13
Subject - हिन्दी व्याकरण

## विलोम शब्द

विलोम शब्द का अर्थ है — विपरीत या उलटा। परस्पर विपरीत (उलटा) अर्थ रखने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

जैसे:—

| शब्द | विलोम |
| --- | --- |
| नया | पुराना |
| मोटा | पतला इत्यादि। |

प्रश्न 1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए —

(क) 'चतुर' का विलोम है —

(i) मूर्ख ☑ (ii) शुद्ध ☐ (iii) बुद्धिमान ☐

(ख) 'साफ' का विलोम है —

(i) स्वच्छ ☐ (ii) गंदा ☑ (iii) मैला ☐

2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों में रंगीन छपे शब्दों के विलोम भरिए

(क) दीपेश शीघ्र आ गया और जतिन विलंब से आया।

(ख) निखिल सच्चा है और नलिनी झूठा है।

(ग) अब्दुल ने अपनी पुरानी साइकिल बेचकर नयी साइकिल ले ली।

(घ) कौआ काला और हंस उजला है।

3. उचित विलोम शब्द पर (✓) का चिह्न लगाइए —

(क) कल — अभी ○ आज ✓ तुरंत ○

(ख) ऊपर — नीचे ✓ ऊँचा ○ ऊँचाई ○

(ग) भीतर — अंदर ○ बाहर ✓ नीचे ○

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए —

(क) लाभ — हानि (ख) बुराई — भलाई

(ग) दुख — सुख (घ) आदर — अनादर

(ङ) झूठ — सच (च) शुद्ध — अशुद्ध

Scanned with CamScanner

# EMMANUEL SCHOOL

Class:- III
Subject:- हिन्दी व्याकरण

By:- Manjula Srivastava
Lesson:- 3

1\. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

(क) शब्द किसे कहते हैं ?

उत्तर :- वर्णों के उस समूह को जिसका कोई अर्थ निकलता है उसे शब्द कहते हैं।

(ख) शब्द कितने प्रकार के होते हैं ?

उत्तर :- शब्द तीन प्रकार के होते हैं।
(i) सार्थक शब्द (ii) निरर्थक शब्द (iii) ध्वनिवाले शब्द

(ग) वाक्य किसे कहते हैं ?

उत्तर :- दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों के मेल से वाक्य बनते हैं उसे वाक्य कहते हैं।

(घ) वाक्य के कितने प्रमुख अंग होते हैं ? नाम लिखिए।

उत्तर :- वाक्य के दो अंग होते हैं। (i) उद्देश्य (ii) विधेय

2\. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए :-

(क) दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों के मेल से बनते हैं।

(i) अनुच्छेद ☐ (ii) वाक्य ☑ (iii) निरर्थक शब्द ☐

(ख) वर्णों का वह समूह जिसका कोई अर्थ निकलता हो, कहलाता है।

(i) वाक्य ☐ (ii) शब्द ☑ (iii) निरर्थक शब्द ☐

Scanned with CamScanner

3. नीचे दिए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :-
विधेय, वाक्य, उद्देश्य, अर्थ

(क) दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों के मेल से वाक्य बनता है।
(ख) वाक्य से उसका अर्थ पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए।
(ग) जिसके बारे में कुछ कहा जाए, उसे उद्देश्य कहते हैं।
(घ) कर्ता के द्वारा किया गया कार्य विधेय कहलाता है।

4. सार्थक शब्द पर [✓] का तथा निरर्थक शब्द पर [X] का चिह्न लगाइए :-

(क) कमल [✓]
(ख) वानी [X]
(ग) पानी [✓]
(घ) वोटी [X]
(ङ) दूध [✓]

Scanned with CamScanner

Assignment:-4 EMMANUEL SCHOOL

Class:- III By:- MANJULA SRIVASTAVA

Subject:- हिन्दी व्याकरण Lesson:- 4

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

(क) संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तर:- किसी प्राणी, स्थान, वस्तु या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तर:- किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान विशेष के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- हिमालय, कुतुबमीनार

(ग) जातिवाचक संज्ञा की परिभाषा लिखिए।

उत्तर:- जिन शब्दों से संपूर्ण जाति का बोध होता है, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- गेंद, टेलीफोन

(घ) भाववाचक संज्ञा से क्या अभिप्राय है?

उत्तर- किसी भाव, प्राणी, वस्तु के गुण-दोष या दशा का ज्ञान कराने वाले शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

2. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए :-

(क) किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान विशेष के नाम को कहते हैं -

(i) जातिवाचक संज्ञा [ ] (ii) भाववाचक संज्ञा [ ]

(iii) व्यक्तिवाचक संज्ञा [✓]

Scanned with CamScanner

(ख) किसी वस्तु, प्राणी या स्थान के नाम को कहते हैं-
(i) लिंग ☐ (ii) संज्ञा ☑ (iii) सर्वनाम ☐

3. नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :-

मेला, घर, कंप्यूटर, सबजी, तालाब

(क) माँ सबजी काट रही है।

(ख) बच्चे तालाब में नहा रहे हैं।

(ग) मेला कहाँ पर लगा है?

(घ) तुम कंप्यूटर पर काम करते हो।

(ङ) सब अपने घर चले गए।

Scanned with CamScanner

Assignment-5

# EMMANUEL SCHOOL

Class:- III

By:- Manjula Srivastava

Subject:- हिन्दी व्याकरण

Lesson:- 5

classmate
Date
Page

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

(क) लिंग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

उत्तर – स्त्री या पुरुष जाति की पहचान कराने वाले संज्ञा लिंग कहलाते हैं। जैसे- लड़का और मोर शब्द पुरुष जाति को प्रकट कर रहे हैं। लड़की और मोरनी शब्द स्त्री जाति को प्रकट कर रहे हैं।

(ख) लिंग के कितने भेद होते हैं?

उत्तर – लिंग के दो प्रमुख भेद होते हैं।
(क) पुल्लिंग (ख) स्त्रीलिंग

(ग) पुल्लिंग की सोदाहरण परिभाषा लिखिए।

उत्तर – जिन संज्ञा शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है, उन्हें पुल्लिंग कहते हैं।
जैसे - मोर, मुर्गा, लड़का, बैल

(घ) स्त्रीलिंग से आप क्या समझते हैं? उदाहरण दीजिए।

उत्तर – जिन संज्ञा शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं।
जैसे - मोरनी, मुर्गी, लड़की, गाय

2. सही विकल्प पर [✓] का चिह्न लगाइए:-

(क) शब्द के जिस रूप से संज्ञा के पुरुष जाति

Scanned with CamScanner

का होने का पता चले, उसे कहते हैं —

(i) स्त्रीलिंग ☐ (ii) वचन ☐ (iii) पुल्लिंग ☑

(ख) शब्द के जिस रूप से संज्ञा के स्त्री अथवा पुरुष जाति के होने का पता चले, उसे कहते हैं —

(i) वचन ☐ (ii) लिंग ☑ (iii) कारक ☐

3\. निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग बनाइए —

(क) घोड़ा — घोड़ी
(ख) कुत्ता — कुतिया
(ग) बकरा — बकरी
(घ) बालक — बालिका
(ङ) नर — नारी

4\. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर सामने दिए रिक्त स्थानों में लिखिए —

(क) चाचा — चाची

(ख) दादी — दादा

(ग) राजा — रानी

(घ) भांजा — भांजी

Scanned with CamScanner

Assignment-6

# EMMANUEL SCHOOL

Class-III By- Manjula Srivastava

Subject- हिन्दी व्याकरण Lesson-6

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए —

(क) वचन से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर - शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक या एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

(ख) वचन के कितने भेद होते हैं ?

उत्तर - वचन के दो भेद होते हैं।

(i) एकवचन (ii) बहुवचन

(ग) एकवचन किसे कहते हैं ? उदाहरण भी लिखिए।

उत्तर- शब्द के जिस रूप से संज्ञा के संख्या में एक होने का पता चलता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे - गुड़िया, लड़का, मेज

(घ) बहुवचन किसे कहते हैं ? उदाहरण भी लिखिए।

उत्तर - शब्द के जिस रूप से संज्ञा के संख्या में एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे - गुड़ियाँ, लड़के, मेजें

2. सही कथन पर (✓) का चिह्न लगाइए —

(क) एक संख्या का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं —

(i) बहुवचन [ ] (ii) लिंग [ ] (iii) एकवचन [✓]

Scanned with CamScanner

(ख) एक से अधिक संख्या का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं —

(i) बहुवचन [✓] (ii) लिंग [ ] (iii) एकवचन [ ]

(ग) संज्ञा की संख्या एक या एक से अधिक बताने वाले शब्द कहलाते हैं —

(i) लिंग [ ] (ii) वचन [✓] (iii) कारक [ ]

3. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए —

(क) लड़का — लड़के

(ख) पुस्तक — पुस्तकें

(ग) मिठाई — मिठाइयाँ

(घ) अध्यापिका — अध्यापिकाएँ

(ङ) माला — मालाएँ

(च) रात — रातें

असाइनमेंट-3 पाठ-8 खेल और व्यायाम कॉपी कार्य
हिन्दी रीडर वर्ग - III

Page No. 13

(क) वर्णनात्मक प्रश्न

1. स्वस्थ शरीर में कौन निवास करता है?

उत्तर- स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

2. शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाने के साधन कौन-कौन से है।

उत्तर- प्रातः भ्रमण करना दौड़ लगाना, दंड-बैठक लगाना, स्कूल मे हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन आदि खेल खेलना शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाने के साधन है।

3. हम स्वस्थ कैसे रह सकते है?

उत्तर स्वस्थ रहने के लिए जहाँ स्वच्छ और खुली हवा की जरूरत होती है, वहीं सात्विक भोजन की भी परम आवश्यकता होती है।

(ख) उच्चस्तरीय प्रश्न

1. ~~आजकल बच्चे किन कामों मे अपना अधिकांश समय बरबाद करते है? इसका उनके शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है?~~

असाइनमेंट - 3



(ख) उच्चस्तरीय प्रश्न

1. आजकल बच्चे किन कामों में अपना अधिकांश समय बरबाद करते हैं? इसका उनके शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है।

उत्तर आजकल बच्चे अपना अधिकांश समय टी.वी. देखने, कंप्यूटर पर विडियो गेम्स खेलने तथा तरह-तरह के फिल्मी गाने सुनने में बरबाद कर देते हैं। इसका प्रभाव उनकी आँखों और शरीर पर पड़ता है। आँखों की रोशनी कमजोर पड़ जाती है।

2. शरीर को स्वस्थ रखने के कुछ उपाय लिखिए।

उत्तर शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बाह्य खेलों की जरूरत होती है। अच्छी खुराक और खुली हवा में व्यायाम करने से भी हम स्वस्थ रहते हैं। शरीर के विकास के लिए खेल और मनोरंजन बहुत जरूरत है।

शोभा रानी
वर्ग - तीन
07/06/2020

पाठ - 4 कॉपी कार्य

असाइनमेंट - 4 नीम की आत्मकथा को - III

(क) वर्णनात्मक प्रश्न

1. लेखिका को अपनी कहानी किसने सुनाई?

उत्तर :- लेखिका को अपनी कहानी नीम के पेड़ ने सुनाई।

2. गर्मी से झुलसते नीम की तपन कैसे मिटी?

उत्तर :- गर्मी में झुलसते नीम की तपन वर्षा के पानी से नहाने पर मीट गई।

3. नीम की डाल किस काम आती है?

उत्तर :- नीम की डाल को घिस- घिसकर फोड़े - फुंसियों पर लगाया जाता है।

(ख) उच्चस्तरीय प्रश्न

1. पशु नीम के पेड़ के पास क्यों नहीं जाते थे?

उत्तर :- नीम के कड़वे होने के कारण पशु नीम के पेड़ के पास नहीं जाते थे।

2. नीम के पेड़ से क्या-क्या लाभ है?

उत्तर :- नीम के पत्ते कीटाणु नष्ट करते है। इसकी डाल को घिस- घिसकर फोड़े - फुंसियों पर लगाया जाता है। इसके दातुन से दाँत के कीटाणु मर जाते है। इस तरह नीम के पेड़ से बहुत लाभ होते हैं।

शोभा रानी

07/06/2020

वर्ग - तीन

कॉपी कार्य

## पाठ - 1 वंदना

Page No.: 7

असाइनमेंट - 1 विषय - हिन्दी रीडर कक्षा - III

वर्णनात्मक प्रश्न

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

1. कवि किससे वरदान माँग रहा है?

उत्तर कवि माँ शारदे से वरदान माँग रहा है।

2. माँ सरस्वती की छवि कैसी है?

उत्तर माँ सरस्वती की छवि अनुपम है।

3. कवि शारदा माँ से क्या आशीष माँग रहा है?

उत्तर कवि शारदा माँ से शांति और सुख पाने का आशीष माँग रहा है।

(ख) उच्चस्तरीय प्रश्न —

1. माँ सरस्वती क्या-क्या करती है?

उत्तर माँ सरस्वती हमारे अंदर के अज्ञान रूपी अंधकार को हटा कर ज्ञान का प्रकाश भरती है। बुद्धि का विस्तार करती है और हित-अहित का ज्ञान देती है।

2. आपको वंदना की कौन-कौन सी पंक्तियाँ सबसे अच्छी लगीं और क्यों?

उत्तर हमें कविता की पहली और दूसरी पंक्ति सबसे अच्छी लगी क्योंकि माँ शारदे के वरदान से ही हमें विश्व में सम्मान प्राप्त हो सकता है।

शोभा रानी

Shot on realme 3i
By kalvin

कॉपी कार्य पाठ-2 पेज - 13

हिन्दी रीडर

असाइनमेंट-2 कक्षा - III

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. सैनिक ने अपना जन्मदिन किस प्रकार मनाया?

उत्तर- सैनिक ने अपना जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया।

2. सैनिक ने सपने मे क्या देखा?

उत्तर सैनिक ने सपने मे परी रानी को देखा।

3. परी रानी सैनिक से नाराज क्यों हो गई?

उत्तर- सैनिक ने परी रानी से झूठ बोला इसलिए परी रानी सैनिक से नाराज हो गई।

4. एक रात सैनिक मन-ही-मन क्या सोचने लगा?

उत्तर- एक रात सैनिक मन-ही-मन सोचने लगा - "परी रानी कहीं मुझसे नाराज तो नहीं। मुझसे कोई गलती तो नहीं हुई"

5. परी रानी सैनिक को कहाँ की सैर कराने ले गई?

उत्तर- परी रानी सैनिक को परी लोक की सैर कराने ले गई।

(ख) उच्चस्तरीय प्रश्न -

1. परी रानी सैनिक के पास लौटकर क्यो नहीं आई?

उत्तर- सैनिक ने अपनी माँ से झूठ बोला था इसलिए परी रानी सैनिक के पास लौटकर नहीं आई।

2. हमें झूठ बोलने से क्या-क्या हानियाँ हो सकती है?

उत्तर- हमे झूठ बोलने से बहुत सारी हानियाँ हो सकती है। झूठ बोलने वाले का कोई विश्वास नही करता है। समाज मे उसका कोई सम्मान भी नहीं करता है।

शोभा रानी

Assignment:-4 EMMANUEL SCHOOL

Class:- III

Subject:- हिन्दी व्याकरण

By:- MANJULA SRIVASTAVA

Lesson:- 4

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

(क) संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तर:- किसी प्राणी, स्थान, वस्तु या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तर:- किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान विशेष के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- हिमालय, कुतुबमीनार

(ग) जातिवाचक संज्ञा की परिभाषा लिखिए।

उत्तर:- जिन शब्दों से संपूर्ण जाति का बोध होता है, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- गेंद, टेलीफोन

(घ) भाववाचक संज्ञा से क्या अभिप्राय है?

उत्तर- किसी भाव, प्राणी, वस्तु के गुण-दोष या दशा का ज्ञान कराने वाले शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

2. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए :-

(क) किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान विशेष के नाम को कहते हैं -

(i) जातिवाचक संज्ञा [ ]   (ii) भाववाचक संज्ञा [ ]

(iii) व्यक्तिवाचक संज्ञा [✓]

Scanned with CamScanner

(ख) किसी वस्तु, प्राणी या स्थान के नाम को कहते हैं-
(i) लिंग ☐ (ii) संज्ञा ☑ (iii) सर्वनाम ☐

3. नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :-
मेला, घर, कंप्यूटर, सब्जी, तालाब

(क) माँ सब्जी काट रही है।

(ख) बच्चे तालाब में नहा रहे हैं।

(ग) मेला कहाँ पर लगा है?

(घ) तुम कंप्यूटर पर काम करते हो।

(ङ) सब अपने घर चले गए।

Scanned with CamScanner

# EMMANUEL SCHOOL

Class:- III
Subject:- हिन्दी व्याकरण

By:- Manjula Srivastava
Lesson:- 3

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

(क) शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर :- वर्णों के उस समूह को जिसका कोई अर्थ निकलता है उसे शब्द कहते हैं।

(ख) शब्द कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर :- शब्द तीन प्रकार के होते हैं।
(i) सार्थक शब्द (ii) निरर्थक शब्द (iii) ध्वनिवाले शब्द

(ग) वाक्य किसे कहते हैं?

उत्तर :- दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों के मेल सें वाक्य बनते हैं उसे वाक्य कहते हैं।

(घ) वाक्य के कितने प्रमुख अंग होते हैं? नाम लिखिए।

उत्तर :- वाक्य के दो अंग होते हैं। (i) उद्देश्य (ii) विधेय

2. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए :-

(क) दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों के मेल से बनते हैं।

(i) अनुच्छेद ☐ (ii) वाक्य ☑ (iii) निरर्थक शब्द ☐

(ख) वर्णों का वह समूह जिसका कोई अर्थ निकलता हो, कहलाता है।

(i) वाक्य ☐ (ii) शब्द ☑ (iii) निरर्थक शब्द ☐

Date
Page

3. नीचे दिए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :-
विधेय, वाक्य, उद्देश्य, अर्थ

(क) दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों के मेल से <u>वाक्य</u> बनता है।

(ख) वाक्य से उसका <u>अर्थ</u> पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए।

(ग) जिसके बारे में कुछ कहा जाए, उसे <u>उद्देश्य</u> कहते हैं।

(घ) कर्ता के द्वारा किया गया कार्य <u>विधेय</u> कहलाता है।

4. सार्थक शब्द पर ✓ का तथा निरर्थक शब्द पर X का चिह्न लगाइए :-

(क) कमल ✓
(ख) वानी X
(ग) पानी ✓
(घ) वोटी X
(ङ) दूध ✓

Scanned with CamScanner